# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 09.11.2025 (सुबह – 0830 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – सभी को न्याय मिलने पर ही सामाजिक न्याय होगा सुनिश्चित, कानूनी दस्तावेजों को स्थानीय भाषाओं में उपलब्ध कराने पर दिया बल ।**
2. **नीति आयोग की टीम ने रामगढ़ जिले का किया दौरा, बिरहोर समूह के लोगों से किया सीधा संवाद , सरकार की योजनाओं का लाभ लेने की अपील ।**
3. **घाटशिला उपचुनाव के लिए आज थमेगा प्रचार का शोर, एनडीए और महागठबंधन के शीर्ष नेताओं ने झोंकी ताकत, मैदान में कुल 13 उम्मीदवार।**
4. **राज्य में फिलहाल सुबह कोहरा और दिन में शुष्क रहेगा मौसम, न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सिसय की गिरावट का पूर्वानुमान, बढ़ेगी ठंड।**
5. **और झारखंड सीनियर महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप की दुमका में शुरूआत, सांसद नलिन सोरेन ने कहा. खेल के विकास के प्रति सरकार प्रतिबद्ध ।**

**********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सभी को न्याय मिलने पर ही सामाजिक न्याय सुनिश्चित हो सकता है। नई दिल्ली में सर्वोच्च न्यायालय में कानूनी सहायता वितरण तंत्र को सुदृढ़ बनाने पर राष्ट्रीय सम्मेलन को कल संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि सभी को न्याय सुनिश्चित करने में कानूनी सहायता महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कानूनी दस्तावेजों को स्थानीय भाषाओं में उपलब्ध कराने पर भी बल दिया।

**********************

नीति आयोग की टीम ने कल रामगढ़ जिले का दौरा किया। टीम में एडिशनल डायरेक्टर नीति आयोग आनंद शेखर, ओडिसा, छत्तीसगढ़, झारखंड और मध्य प्रदेश के कई वरीय अधिकारी भी शामिल थे। नीति आयोग की टीम ने पतरातू प्रखंड अंतर्गत कोतो पंचायत के बिरहोर टोला में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया और सरकार द्वारा आकांक्षी जिला और प्रखंड कार्यक्रम के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। टीम ने बिरहोर समूह के लोगों से सीधा संवाद किया और उनसे सरकार की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गई।

**********************

आदिम जनजाति बिरहोर परिवारों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए कोडरमा जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

**********************

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार का शोर आज शाम पांच बजे थम जाएगा। अपने – अपने उम्मीदवारों के समर्थन में चुनाव प्रचार के लिए महागठबंधन और एनडीए के शीर्ष नेताओं ने अपनी ताकत झोंक दी है । इस उपचुनाव में झामुमो से सोमेश सोरेन और भाजपा के बाबूलाल सोरेन समेत कुल 13 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं । ग्यारह नवंबर को मतदान होगा जबकि 14 नवंबर को परिणाम आएगा।

**********************

राज्य स्थापना दिवस पर रांची में 11 से 16 नंवबर तक विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य स्थापना दिवस के सभी कार्यक्रम भव्यता, गरिमा और सांस्कृतिक समृद्धि को प्रदर्शित करने वाले होंगे। ग्यारह नंवबर को रन फॉर झारखंड और 12 नवंबर को पारंपरिक नृत्य जबकि 13 और 14 नवंबर को साइकिल रैली और 14 नवंबर को वॉल पेंटिंग की जाएगी। मोरहाबादी मैदान में मुख्य राज्यस्तरीय समारोह 15 और 16 को आयोजित किया जाएगा ।

**********************

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती के साथ, 22 सितंबर को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव से देश भर के नागरिकों को लाभ हुआ है। आज हमारे संवाददाता बता रहे हैं कि हस्तशिल्प क्षेत्र में जीएसटी की नई दरों से नागरिकों को कैसे लाभ हो रहा है। एक रिपोर्ट

**********************

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड में आयोजित दो दिवसीय 'सतर्कता महोत्सव–2025' के अंतिम दिन रांची में बड़ी संख्या में विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों तथा विश्वविद्यालयों के छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि सीवीओ पंकज कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि "सीसीएल में स्थानीय, स्कूली बच्चों को मंच और साहस मिले यही हमारा प्रयास है। समारोह में विजेताओं को सम्मानित किया गया

**********************

दुमका के गाँधी मैदान में दो दिवसीय राज्यस्तरीय 11वीं सीनियर वूमेन झारखंड स्टेट हैंडबॉल चौंपियनशिप की शुरुआत हुई। इसमें विभिन्न जिलों की कुल 12 टीमें हिस्सा ले रही हैं जिसमें कुल 144 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। दुमका के सांसद नलिन सोरेन ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि खेल के विकास के प्रति सरकार प्रतिबद्ध है।

दुमका जिला खेलकूद संघ के सचिव उमाशंकर चौबे ने कहा कि इस प्रतियोगिता के आधार पर झारखंड सीनियर महिला हैंडबॉल टीम बनेगी, जो राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी।

**********************

एसजीएफआई राज्य स्तरीय अंडर 19 बालक एवं बालिका क्रिकेट ओपन ट्रायल 12 नवंबर को होगा। इसके माध्यम से पांच दिसंबर से 9 दिसंबर तक हरियाणा में अंडर–19 बालक वर्ग और मध्य प्रदेश में 1 जनवरी से 6 जनवरी तक बालिका वर्ग में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता के लिए टीम झारखंड का प्रतिनिधित्व करेगी।

इधर रांची जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित आर डी सी ए अंडर 16 अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का उदघाटन मैच विवेकानंद विद्या मंदिर बनाम टेंडर हार्ट स्कूल के बीच खेला गया।जिसमें विवेकानंद विद्या मंदिर स्कूल ने मैच में जीत हासिल की।

**********************

राज्य में फिलहाल सुबह कोहरा और दिन में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विभाग रांची केन्द्र ने अगले तीन दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट का पूर्वानुमान जताया है। राज्य में अधिकतम तापमान चाईबासा में 32.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान गुमला में 10.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**********************

**<u>और अब अखबारों की सुर्खियां–</u>**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने अलग–अलग खबरों को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

**दैनिक जागरण** के शब्द हैं– एक से 19 दिसंबर तक चलेगा संसद का शीतकालीन सत्र ।

**हिन्दुस्तान** लिखता है– केन्द्र सरकार ने राज्य से स्कूलों के सोशल ऑडिट की मांगी रिपोर्ट ।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है – शतरंज में राहुल बने छठे आसियान चैंपियन, भारत को 8 दिन में मिला दूसरा चैंपियन।

**प्रभात खबर** ने लिखा है – राजधानी का पारा 24 घंटे में दो दशमलव दो डिग्री सेल्सियस गिरा।

********समाप्त**********